# University in News on 09 December 2022

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि वनाएगा वाह्य परीक्षकों का अतिरिक्त पूल

जासं, लखनऊ : लवि अब वाह्य परीक्षकों का पूल तैयार करेगा। इसमें शामिल सभी शिक्षक विश्वविद्यालय से अनुमोदित होंगे। किसी भी कालेज में यदि नामित किए गए वाह्य परीक्षक नहीं पहुंचते हैं तो संस्थान की मांग पर तुरंत लवि उन्हें इस पूल से शिक्षक भेजेगा। अभी तक लखनऊ से ही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए पांचों जिलों में परीक्षक भेजे जाते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि कई बार शिक्षक वाह्य परीक्षक के रूप में नामित तो किए जाते है, लेकिन किसी वजह से वह परीक्षा लेने नहीं पहुंच पाते। इसके चलते यह निर्णय लिया गया है।

#### परीक्षकों को मिलेगी राहत

लुआक्टा महामंत्री डा. अंशु केडिया ने बताया कि कालेजों के शिक्षकों के परीक्षा से संबंधित भुगतान लंबे समय से लंबित है। चार नए जिलों के जुड़ने के बाद प्रैक्टिकल एवं वायवा के लिए सभी जिलो में परीक्षक लखनऊ से ही जाते रहे है। इन परीक्षकों का भुगतान कालेज के लिए बड़ी समस्या होती है। व्यय भार कम आए, इसके लिए आंतरिक परीक्षक कालेज से ही बनाए जाएंगे। बाहरी परीक्षक उसी जिले से ही नामित किए जाने पर भी लपि ने सहमति दी है।

### छात्र गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों की जुड़ेगी उपस्थिति




उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के आवेदन का मिला मौका

जासं, लखनऊ : लवि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न छात्र गतिविधियों में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को भी जोड़ेगा। इससे 75 प्रतिशत उपस्थिति के मानक पूरे होने पर विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने उपस्थिति की गणना के लिए प्रारूप जारी किया है, जिसे भरकर संबंधित कार्यक्रम के समन्वयक से सत्यापित कराकर जमा करना होगा समाज कल्याण विभाग ने 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति के आवेदन का मौका दिया है। इसी आधार पर लवि में भी इसे लागू किया गया है। लेकिन बहुत सेऐसे एनसीसी, एनएसएस, खेल आदि के छात्र-छात्राएं हैं, जो इन गतिविधियों में शामिल होने की वजह से उतने दिन कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पाए। ऐसे में वह छात्रवृत्ति फार्म भी नहीं भर पा रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय से छूट देने की मांग की थी। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक या खेलकूद में जो विद्यार्थी जितने दिन शामिल रहे हों, वह प्रोफार्मा पर संबंधित समन्वयक से उपस्थिति सत्यापित कराकर जमा कर दें, उनकी उतने दिन की उपस्थिति जोड़ कर समाज कल्याण विभाग को भेज दिया जाएगा। निर्धारित प्रारूप में गतिविधियों का नाम, प्रतिभाग के दिनों की संख्या और समन्वयक के हस्ताक्षर करवाने होंगे।

### लवि : स्वस्थ मस्तिष्क सत्र कार्यक्रम आज से

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग छात्र-छात्राओं को दिमाग स्वस्थ रखने, तनाव को दूर करने, मानव मूल्य, एकाग्रता सहित कई चीजों की जानकारी देगा। इसके लिए शुक्रवार से विभाग स्वस्थ मस्तिष्क सत्र की शुरुआत करेगा। विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे डा. मनीषा शुक्ला और शनिवार को सुबह 10.30 बजे से प्रोफेसर अनिल मिश्र का व्याख्यान होगा। (जासं)

### पांच को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के नेतृत्व में हुई चयन प्रक्रिया के बाद फाइन आर्ट्स फैकल्टी के पांच छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट लीसा वुड इंडस्ट्रीज में हुआ। सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि इनमें अनुराग विश्वकर्मा, तनय भारती, प्रियांशी श्रीवास्तव, श्रद्धा तिवारी, शिवेंद्र कुमार शामिल हैं। इन्हें 2.4 लाख रुपये सालाना पैकेज मिलेगा। इन सभी का नियुक्ति पत्र शुक्रवार को मिलेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही अन्य प्लेसमेंट की सूची जारी की जाएगी। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### अब 21 जनवरी को लविवि का दीक्षांत समारोह

लखनऊ। लविवि का दीक्षांत समारोह अब 12 दिसंबर के बजाय 21 जनवरी को होगा। बृहस्पतिवार को राजभवन ने दोबारा इसकी तिथि तय कर दी। खास बात यह है कि इस बार समारोह यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस में होगा। विवि प्रशासन ने चांसलर, चक्रवर्ती व कुलाधिपति गोल्ड मेडल के लिए आवेदन मांगे हैं। विवि से संबद्ध जिन कॉलेजों के झंडे उनकी पहचान हैं, उन्हें दीक्षांत समारोह में लगाया जाएगा। (संवाद)

### लविवि के पांच छात्रों का हुआ चयन

लखनऊ। लविवि के फाइन आर्ट विभाग के पांच छात्रों का गुरुवार को लीसा वुड इंडस्ट्रीज में चयन हो गया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. मधुरिमा लाल ने बताया कि अनुराग विश्वकर्मा, तान्या भारती, प्रियांशी सिंह, शिवेंद्र कुमार और श्रद्धा तिवारी का चयन हुआ है। इन्हें करीब 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा।

पांचों को 15 दिसंबर को कंपनी ज्वाइन करनी है। शुक्रवार को ऑफर लेटर जारी किया जाएगा। जल्द प्लेसमेंट की दूसरी सूची भी जारी होगी। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू के पांच छात्रों को नौकरी मिली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में कैम्पस प्लेसमेंट के तहत नौकरियां हासिल हुई हैं। विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट निदेशक डा. मधुरिमा लाल ने बताया कि इन विद्यार्थियों का प्लेसमेंट लीसा वुड इंडुस्ट्रीज में हुआ है। जिनका प्लेसमेंट हुआ उनमें अनुराग, तनय, प्रियांशी, श्रद्धा, शिवेंद्र शामिल हैं।

शकुन्तला विश्वविद्यालय लखनऊ के चार विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ। कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह ने बताया कि एक कम्पनी में चयन हुआ है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### फाइन आर्ट के पांच छात्रों का हुआ सेवायोजन

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने फाइन आर्ट्स फैकल्टी के पांच छात्रों को प्लेस्मेंट मिला है। लीसा वुड इंडस्ट्रीज में पांच स्टूडेंट्स का सेवायोजन हुआ। डॉ. मधुरिमा लाल (प्लेस्मेंट निदेशक) ने बताया की यह पहली लिस्ट आयी है। इसमें अनुराग विश्वकर्मा, तनय भारती, प्रियांशी श्रीवास्तव, श्रद्धा तिवारी और शिवेंद्र कुमार को 2.4 लाख पर सालाना का प्लेसमेंट ऑफर मिला है। इनको नौ दिसंबर को ऑफर पत्र मिल जायेगा। जल्द ही अन्य प्लेसमेंट की लिस्ट जारी की जाएगी, जिसमें अन्य छात्रों का प्लेस्मेंट होना सुनिश्चित है।